पैरेंट क्लब आपकी किस प्रकार मदद कर सकता है

माता-पिता बनना दुनिया का सबसे अद्भुत अनुभव है। लेकिन कभी-कभी यह चुनौतीपूर्ण भी हो सकता है।

इसीलिए स्कॉटिश सरकार ने **पैरेंट क्लब** की शुरुआत की है।
क्योंकि उन पलों में, जब माता-पिता और देखभाल करने वालों को मदद की ज़रूरत होती है, हम वहां आपके साथ ऐसी जानकारी के साथ होना चाहते हैं, जिस पर आप भरोसा कर सकती(ते) हैं, और वह भी एक ही जगह पर।

गर्भावस्था से लेकर छोटे बच्चों के नखरों और स्कूल की शुरुआत तक, और उन मुश्किल भरे किशोरावस्था के वर्षों तक, पैरेंट क्लब आपकी इस पालन-पोषण की यात्रा के हर कदम पर आपका साथ देने के लिए यहाँ मौजूद है, और पारिवारिक जीवन की सभी चुनौतियों के लिए सुझाव और सलाह प्रदान करता है।

चाहे आप रोते हुए बच्चे को शांत करने की टिप्स, दूध पिलाने से जुड़ी सलाह, अपने नन्हे बच्चे के साथ जुड़ने के तरीके, या फिर नैपी बदलने और नहलाने जैसे रोज़मर्रा के कामों के लिए व्यावहारिक सुझाव, यह सब आपको **ParentClub.scot** पर मिल जाएंगे।

Parent Club

क्लब से जुड़ें

यह मत भूलिए कि पैरेंट क्लब की वेबसाइट 24/7 आपके लिए उपलब्ध है, यहां आप विशेषज्ञों से भरोसेमंद सलाह और अन्य माता-पिता से मददगार टिप्स पा सकती(ते) हैं, जो आपकी परिस्थितियों को समझते हैं।

ParentClub.scot

क्या आपने पैरेंट क्लब की ईमेल लेने के लिए साइन अप किया है? सोने के समय की ज़िद से लेकर खाने के समय के नखरों तक, साइन अप करने के बाद आपको नियमित ईमेल मिलेंगे, जो आपके बच्चे की उम्र के हिसाब से बनाए गए हैं।

ParentClub.scot/join-the-club

Facebook और Instagram पर हमारी कम्युनिटीज़ से जुड़ें और पेरेंटिंग के हर पहलू में मददगार नियमित टिप्स और सलाह पाएं।

Facebook.com/ParentClubScotland
Instagram.com/ParentClubScotland

Parent Club
parentclub.scot

Scottish Government
Riaghaltas na h-Alba